संख्या-107/2022/938ई/23-11-2022/003-1-1-40-2019

प्रेषक,

राजेश कुमार अग्रवाल,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 **लखनऊ : दिनांक 04 अगस्त, 2022**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2022-23 में शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर के चालू कार्यो पर धनावंटन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियंता (मु0-1),लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या-312/CE-HQ1/BYPASS/BAN/2022-23, दिनांक 13-07-2022, पत्र संख्या-364/CE-HQ1/BYPASS/GKP/2022-23, दिनांक 22-07-2022, पत्र संख्या-365/CE-HQ1/BYPASS/ADY/2022-23, दिनांक 22-07-2022, पत्र संख्या-493/CE-HQ1/BYPASS/ADY/2022-23, दिनांक 23-07-2022, पत्र संख्या-494/CE-HQ1/BYPASS/SAH/2022-23, दिनांक 23-07-2022, पत्र संख्या-573/CE-HQ1/BYPASS/MBD/2022-23, दिनांक 26-07-2022, पत्र संख्या-611/CE-HQ1/BYPASS/MBD/2022-23, दिनांक 26-07-2022, पत्र संख्या-713/CE-HQ1/BYPASS/GKP/2022-23, दिनांक 28-07-2022 एवं पत्र संख्या-770/CE-HQ1/BYPASS/MBD/2022-23, दिनांक 29-07-2022 के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर के 09 चालू कार्यो की व्यवस्था योजना के अधोलिखित तालिका में अंकित चालू कार्यो पर वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रू0 9878.48 लाख (रू0 अट्ठानबे करोड़ अठहत्तर लाख अड़तालिस हजार मात्र) की धनराशि निम्नलिखित विवरण/शर्तो सहित अवमुक्त किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि रूपये लाख में)

क्र0 सं0	खण्ड/ जनपद का नाम	कार्य का नाम	स्वीकृत/प्रावैधिक/ बचत के उपरान्त लागत लागत	अब तक आवंटन	आवंटन
1	2	3	4	5	6
1	प्रा0ख0 बांदा	जनपद बांदा में बांदा बाईपास मार्ग (अ0जि0मा0) के कि0मी0 1 से 16 (550), 16 (683-1000) एवं 17 (0.611) में मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण तथा अवशेष भाग कि0मी0 16 (550-683), 18(270-1000) से 20(400) तक का निर्माण कार्य। (लम्बाई 19.400 कि0मी0)।	12171.45/12137.38	8095.72	**3000.00**
2	प्रा0ख0 गोरखपुर	जनपद गोरखपुर में में कस्बा संग्रामपुर (उनवल) बाईपास सड़क का निर्माण कार्य (अन्य जिला मार्ग, लम्बाई 3.50 कि0मी0)।	2027.40/1995.31	1568.96	**250.00**
3	प्रा0ख0 अयोध्या	जनपद अयोध्या में अयोध्या अकबरपुर-बसखारी मार्ग के प्रस्तावित मया बजार 04 लेन बाईपास (लम्बाई 3.00 कि0मी0) के नवनिर्माण का कार्य।	6070.96/5871.13	1000.00	**1467.78**
4	प्रा0ख0 अयोध्या	जनपद अयोध्या में गोसाईगंज बाजार बाईपास (लम्बाई 5.50 कि0मी0) का निर्माण कार्य।	11496.53/11397.58	1000.00	**1000.00**
5	प्रा0ख0 सहारनपुर	जनपद सहारनपुर में एन0एच0-709बी (चुनहेटी) से अम्बाला रोड होते हुए दिल्ली यमुनोत्री मार्ग (एस0एच0-57) के कि0मी0 171.00 (देवला) तक (लम्बाई 19.125 कि0मी0) 04 लेन बाईपास मार्ग का निर्माण।	20022.13	2000.00	**2500.00**
6	प्रा0ख0 बिजनौर	जनपद बिजनौर में धामपुर आबादी हेतु नहटौर धामपुर मार्ग से धामपुर नगीना मार्ग को जोड़ने वाला मिनी बाईपास (शहरी मार्ग) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 1.293 कि0मी0)।	334.06/296.10	267.25	**28.85**
7	नि0ख0 रामपुर	जनपद रामपुर में शाहबाद-रामपुर-बाजपुर मार्ग (एस0एच0-144) के कि0मी0 3 से ईसाखेड़ा होते हुए शाहबाद टाण्डा सिरौली मार्ग (अ0जि0मा0) का चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य (लम्बाई 8.450 कि0मी0)।	1380.76/1249.27	445.19	**312.32**
8	प्रा0ख0 कुशीनगर	जनपद कुशीनगर में पड़रौना बाईपास (एन0एच0 के कि0मी0 158 में सरस्वती चौक के एन0एच0-730 के कि0मी0 540 में बड़ी नहर की पुलिया तक वाया बसडीला से परसौनी कला) मार्ग (अ0जि0मा0) का निर्माण कार्य (लम्बाई 8.950 कि0मी0)।	3696.36/3694.17	324.09	**923.54**
9	प्रा0ख0 सम्भल	जनपद सम्भल में सम्भल तहसील मुख्यालय की शहरी आबादी हेतु बाईपास (लम्बाई 11.50 कि0मी0) का निर्माण कार्य।	6931.00	6188.46	**395.99**
		योगः-			**9878.48**

(1) प्रश्नगत चालू कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का व्यय/उपयोग वित्त विभाग द्वारा निर्गत आदेशों/ज्ञापों में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बजट मैनुअल एवं वित्तीय हस्त पुस्तिका के नियमों, स्थाई आदेशों आदि का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जायेगा तथा किसी भी दशा में प्रश्नगत कार्य हेतु आवंटित धनराशि का उपयोग किसी अन्य मद में नहीं किया जायेगा।

(2) प्रश्नगत कार्यो हेतु आवंटित धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र/कार्यो के सपंरिक्षित लेखा निर्धारित समयावधि में कार्यालय महालेखाकार, उ0प्र0, प्रयागराज एवं शासन को उपलब्ध करा दिया जाय।

(3) उपरोक्त परियोजनाओं के सम्बन्ध में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति विषयक मूल शासनादेश की शेष शर्ते एवं प्रतिबंध यथावत लागू रहेंगी।

(4) लोक निर्माण विभाग में सी0सी0एल0 प्रणाली समाप्त किए जाने के फलस्वरूप वर्क्स से सम्बन्धित बजट के ऑन लाइन आवंटन किए जाने हेतु डी0डी0ओ0 कोड आवंटन विषयक वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-10/2022/बी-1-345/दस-2022, दिनांक 04-05-2022 तथा कार्यमदों के व्यय को सी0सी0एल0 प्रणाली से मुक्त रखते हुए सामान्य कोषागार प्रणाली से आच्छादित किए जाने के सम्बन्ध में वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2022/ए-2-76/दस-2022-10(9)/95, दिनांक 13-04-2022 में निहित व्यवस्था/शर्तो का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

2- इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय रूपये 98,78,48,000 (रूपये अट्ठानबे करोड़ अठहत्तर लाख अड़तालिस हजार मात्र) को चालू वित्तीय वर्ष 2022-23 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या 058 लेखाशीर्षक 5054033378600 शहरों के बाईपास/रिंग रोड/फ्लाई ओवर के चालू कार्यो की व्यवस्था मानक मद 24 वृहत निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-13/2022/बी-1-454/दस-2022-231/2022, दिनांक- 07-जून 2022 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(राजेश कुमार अग्रवाल)
संयुक्त सचिव।

संख्या-107/2022/938ई(1)/23-11-2022/003-1-1-40-2019**, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 मंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- निजी सचिव, मा0 राज्यमंत्री जी, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
5- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
6- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- सम्बन्धित वरिष्ठ कोषाधिकारी/कोषाधिकारी।
10- सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
11- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनु0-8/वित्त (आय-व्ययक) अनु0-1, उ0प्र0 शासन।
12- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
13- अधीक्षण अभियन्ता, नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
14- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
15- नोडल अधिकारी (आनलाईन बजट एलॉटमेन्ट सिस्टम), लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
16- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार अग्रवाल)
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in